पांच बजे तक अपनी समस्या को

क्रिसमस पर बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

KANPUR: सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में शनिवार को 'क्रिसमस महोत्सव' हर्षोल्लास से मनाया गया. टीचर्स और बच्चों ने मिलकर हैंडीक्राफ्ट के माध्बम से 'क्रिसमस एली' को सजाया. इसमें प्रज्जवल त्रिपाठी, समरथ सिंह ग्रोवर, जसलीन कौर सलूजा ने शानदार प्रस्तुति दी. बच्चों ने 'टैलेंट हंट' शो कर सभी का मन मोह लिया. इसके साथ ही डांस, सिंगिंग में भी शानदार प्रस्तुति दी. बच्चों के लिए मैजिक शो और पपेट शो का भी आयोजन किया गया. विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी कर ने सभी को शुभकामनाएं दीं. इस मौके पर प्रिंसिपल भावना गुप्ता, वित्तीय प्रबंधक आशीष भार्गव, प्रशासनिक प्रबंधक सुरेंद्र यादव, वाइस प्रिंसिपल कविता चढ्ढा, हेडमिस्ट्रेस वंदना त्रिवेदी मौजूद रहे.